an>

Title: Need to give priority to local people in recruitment to various posts in public sector undertakings.

**श्री ताम्रध्वज साहू (दुर्ग) :** सम्माननीय सभापति जी, मैं आपके समक्ष एक ऐसा विषय उठा रहा हूं जिसका प्रभाव पूरे देश भर के सार्वजनिक उपक्रमों पर पड़ेगा। वर्तमान में छत्तीसगढ़ में मेरे संसदीय क्षेत्र में स्थित भिलाई स्टील प्लांट जो कि 5 मिलियन टन से 9 मिलियन टन वार्षिक क्षमता तक विस्तारित किया गया है, यहां नयी भर्ती में स्थानीय लोगों को पर्याप्त अवसर नहीं मिल पाया है। वस्तुतः सार्वजनिक उपक्रम राष्ट्रीय स्तर की भर्ती के नाम पर अधिकतर बड़े अधिकारियों की सिफारिशों पर नियुक्तियां करते आए हैं। जबकि स्थानीय स्तर में भी आजकल उच्च शिक्षा प्राप्त युवा उपलब्ध हैं। राज्य में बड़े उद्योग, खनन, पर्यावरण प्रदूषण से लेकर सामाजिक संरचना में बदलाव तक का असर स्थानीय आबादी पर पड़ता है। ऐसे में अगर रोज़गार प्रदान करने की स्पष्ट नीति स्थानीय लोगों के हित में नहीं होगी तो वह क्षेत्र ठगा हुआ महसूस करेगा।

महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान इस बात पर खींचना चाहता हूं जिससे सार्वजनिक उपक्रमों में भर्ती के लिए स्थानीय व्यक्तियों को प्राथमिकता प्रदान करने का प्रावधान किया जा सके।